पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# दीपावली से पहले मा० बेबी रानी मौर्य जी ने मृतक आश्रितों के घरों में रोजगार की रोशनी जगाई : संवेदनशील शासन का साकार उदाहरण

## सरकार की संवेदनशील पहल : मा० मंत्री बेबी रानी मौर्य जी ने 06 मृतक आश्रितों को दी अनुकम्पा नियुक्ति, परिवारों में लौटाई मुस्कान

## मा० श्रीमती बेबी रानी मौर्य जी ने 06 मृतक आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किए

## दीपावली से पूर्व इन परिवारों में नौकरी के रूप में खुशियां बिखेरी

**लखनऊ : 16 अक्टूबर, 2025**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आज महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मा० मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने अपने कर–कमलों से कुल 06 मृतक आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह कार्यक्रम आज दिनांक 16 अक्टूबर, 2025 को अपरान्ह 12:30 बजे मा० मंत्री जी के आवास, 3, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग के अंतर्गत विगत दिनों में दिवंगत हुए अधिकारियों/कर्मचारियों के आश्रितों को विभागीय नियमों के अनुरूप नियुक्ति प्रदान की गई।

मा० मंत्री जी ने नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान कहा कि यह अनुकम्पा नियुक्ति केवल एक रोजगार अवसर नहीं, बल्कि सरकार की संवेदनशीलता, सहानुभूति और अपने कर्मचारियों के परिवारों के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार "हर हाथ को काम, हर घर में सम्मान" के संकल्प को साकार करने के लिए सतत प्रयासरत है। शासन का यह प्रयास है कि जिन परिवारों ने विभाग में कार्यरत अपने परिजन को असमय खोया है, उन परिवारों को शीघ्रता से रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जाए।

मा. मंत्री जी ने कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व प्रकाश, आशा और नए आरंभ का प्रतीक है। ऐसे अवसर पर इन परिवारों को नौकरी देकर सरकार ने उनके जीवन में न केवल रोजगार का अवसर दिया है, बल्कि उनके घरों में खुशियों की नई रोशनी भी भर दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निरंतर यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक योग्य मृतक आश्रित को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से न्यायसंगत और त्वरित तरीके से नियुक्ति प्रदान की जाए, ताकि किसी भी परिवार को आर्थिक या सामाजिक असुरक्षा का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर जिन मृतक आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी गई, उनमें स्व० हर्षवर्धन, बाल विकास परियोजना अधिकारी की पुत्री सुश्री रश्मि शर्मा को कनिष्ठ सहायक (आवंटित जनपद–मेरठ), स्व० मिनी बाजपेयी, मुख्य सेविका के पुत्र श्री सलिल बाजपेयी को कनिष्ठ सहायक(आवंटित जनपद–पीलीभीत), स्व० नीरजा सिंह, मुख्य सेविका के पुत्र श्री सिद्धार्थ सिंह कनिष्ठ सहायक (आवंटित जनपद–औरैया), स्व० तारा देवी, मुख्य सेविका के पुत्र श्री शरद कुमार चतुर्थ श्रेणी (आवंटित जनपद–चन्दौली), स्व० सन्तलाल सविता, चतुर्थ श्रेणी के पुत्री कु० शिखा सविता कनिष्ठ सहायक (आवंटित जनपद–औरैया) तथा स्व० नरेश उपाध्याय, चतुर्थ श्रेणी के पुत्र श्री लक्ष्य उपाध्याय चतुर्थ श्रेणी (आवंटित जनपद–कासगंज) शामिल हैं।

**सम्पर्क सूत्र– लाल कमल**

राघवेन्द्र/05:30 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in